लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1252

24 जुलाई, 2017 को उत्तर के लिए

यूएमएसपी की स्थापना

1252. श्री बदूरुद्दीन अज़मलः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में अल्ट्रा मेगा स्टील प्लांट (यूएमएसपी) की स्थापना पर कार्य कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और देश में वर्तमान में चल रहे यूएमएसपी की राज्य-वार संख्या कितनी है; और

(ग) अगले दो वर्षों में कितने यूएमएसपी स्थापित किए जाने की संभावना है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **श्री विष्णु देव साय**

(क) से (ग): जी हाँ। अल्ट्रा मेगा स्टील प्लांट (यूएमएसपी) लगाने के लिए सरकार इस्पात उद्योग को सहायता प्रदान कर रही है। इस्पात नियंत्रण मुक्त क्षेत्र होने के कारण इस्पात संयंत्र लगाने संबंधी निर्णय वाणिज्यिक सोच-विचारों के आधार पर व्यक्तिगत इस्पात उत्पादकों द्वारा लिए जाते हैं।

*****